**JAIN COLLEGE, JAYANAGAR**
**II PUC Mock Paper - 1 - 2019**

**समयः 3:15घं.** | **विषयःहिन्दी** | **पूर्णांकः100**

**सूचना- 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपी में लिखना अनिवार्य है।**

**2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः (6x1=6)**

1) सीधे-साधे किसान धन आते ही किस ओर झुकते हैं?
2) कर्त्तव्य किस पर निर्भर है?
3) अजमेर से पहले मन्नू के पिता कहाँ थे?
4) किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी?
5) माँ के सब ज़ेबर क्यों बिक गए थे?
6) भोलाराम किस शहर का निवासी था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः (3x3=9)**

7) अंग्रेजी जहाज़ बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?
8) गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है?
9) शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा?
10) शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे?
11) जापान के रेलवे स्टेशन और रेल यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती हैं?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? (4x1=4)**

12) ‘आधी रोटी खाओ भगवान का भजन करो और पड़े रहो।’
13) ‘हमारे आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?’
14) ‘आज तुम खाना जल्दी खा लेना।’
15) ‘आप साधू हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती।’

**आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का सन्दर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः (2x3=6)**

16) ‘अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें? ’
17) ‘वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब में कैसे बच सकती थी।’
18) ‘पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी लिखी माँ।’
19) ‘मेरी माँ गाँव की रहने वाली हैं। उमर भर गाँव में रही हैं ।’

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः (6x1=6)**

20) चकोर पक्षी किसे देखता रहता है?

21) बुद्धिहीन मनुष्य किसके समान है?

22) बेटी को क्यों सुन्दर दिखना है?

23) कवि नरेन्द्र शर्मा क्या न बनने का सन्देश देते हैं?

24) हवा को क्या हो जाने से बचाना है?

25) कर्नाटक में किस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(2x3=6)**

26) श्रीकृष्ण के रूप-सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

27) कायर मत बन कविता के द्वारा कवि हमें क्या सन्देश देते हैं?

28) बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए।

29) कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिएः** **(2x4=8)**

30) प्रभु जी तुम दीपक, हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभु जी तुम मोती, हम धागा, जैसे सोने मिलत सुहागा ।।

**अथवा**

जप माला छापा तिलक, सरै न एको कामु।
मन काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु ।।

**31)**युद्धं देहि कहे जब पामर दे न दुहाई पीठ फेर कर।
या तो जीत प्रीति के बल पर, या तेरा पद चूमे तस्कर।।

**अथवा**

दूर से ही ललकारता, 'कौन?' मैं जबाव देता दोस्त!
और पल भर को बैठ जाता उसकी ठंडी छाँव में।

**IVअ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **(5x1=5)**

32) नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए?

33) मलमल के थान और अबरों को परेश किसके पास नहीं लेकर जाते?

34) हल्की सी खरोंच भी दवा न लगने पर क्या बन जाती है?

35) भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए?

36) ब्रह्म ज्ञान किसकी वीणा पर नृत्य करने के समान था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **(2x5=10)**

37) मालवी ने सारी की सारी छत क्यों और कैसे खोद डाली?

**अथवा**

दादाजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

38) भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होने वाले प्रारम्भिक सम्वाद का सार लिखिए।

**अथवा**

भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

**V अ)वाक्य शुद्ध कीजिएः** **(4x1=4)**

39) 1. मेरे पास केवल मात्र पचास रुपये हैं।
2. शत्रु मैदान से दौड़ खडा हुआ।
3. तुलसीदास ने रामचरितमानस का रचना की।
4. चरखा कातना चाहिए।

**आ) कोष्टक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिएः** **(4x1=4)**

**(उदासी,सेवा, कुर्सियाँ, कावेरी )**

40)1. ................ करने से चरित्र बनता है।
2. चेहरे पर .................थी।
3. उस दिन दक्षिण की...........बहिन मिली थी।
4. ................ तो बाज़ार में खूब उपलब्ध हैं।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिएः** **(3x1=3)**

41)1. नेताजी भाषण देंगे। (वर्तमानकाल में बदलिए)
2. वह अपने विचार व्यक्त करता है। (भविष्यतकाल में बदलिए)
3. उसे सम्मानित किया जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिएः** **(4x1=4)**

42)1. जी चुराना — अ) निर्दोष पर दोष लगाना।
2. चाँद पर थूकना — ब) इज्ज़त बढ़ाने वाला।
3. घर का उजाला — स) हार कर भागना।
4. पीठ दिखाना — द)मेहनत से बचना।

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिएः** **(3x1=3)**

43) 1. सिंह 2. तनुज 3. तेली

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः** **(3x1=3)**

44) 1. उपकार मानने वाला।
2. आँखों के सामने होनेवाला।
3. जानने की इच्छा रखने वाला।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नए शब्दों का निर्माण कीजिएः (2x1=2)**

45) 1. गति 2. प्रथा

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलगकर लिखिएः** **(2x1=2)**

46) 1. प्रभावित 2. राष्ट्रीय

**VIअ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **(5x1=5)**

47) 1. पुस्तकालय 2. विज्ञान वरदान या अभिशाप 3. किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा।

**अथवा**

चरित्र प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:(5x1=5)**

48) राजा राम मोहन राय बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे। उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबन्ध किया। गाँव की पाठशाला में उन्होंने बंगला सीखी। उन दिनों कचहरियों में फारसी का बोलबाला था। अतः उन्होंने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी। नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पटना भेजे गए। वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे। उन्होंने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया।बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए। चार वर्ष तक वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया। इस बीच उन्होंने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया।

प्रश्न:

1) राजा राम मोहन राय की पढ़ाई की व्यवस्था किसने की?
2) राजा राम मोहन राय ने बंगला कहाँ सीखी?
3) उन्होंने अरबी की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की?
4) बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए?
5) उन्होंनेकितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया?

**इ)हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **(5x1=5)**

49) 1) Student life is golden Life.

2) Human being is the finest creation of God.

3) Schools are the foundation of Learning.

4) Bangalore is called as Centre for information Technology.

5) Language should be simple and easy to understand.

*******************